समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

अधिकाधिक लोगों तक स्वास्थ्य योजना का लाभ पहुंचाने, पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें–आयुक्त

(आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने की मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की कार्यप्रगति की समीक्षा, अधिकाधिक श्रमिकों का पंजीयन कर योजना का लाभ पहुंचाने, दिए निर्देश)

कोरबा 30 जुलाई 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने आज अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत वार्ड में पहुंच रही मोबाईल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से अधिकाधिक लोगों की निःशुल्क जांच व इलाज किया जाए, अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कर योजना से उन्हें जोड़ा जाए, इस हेतु पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें। गर्भवती, शिशुवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं तथा स्कूली छात्र–छात्राओं को भी योजना से जोड़कर उनका निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क इलाज सुनिश्चित करें।

आयुक्त श्री शर्मा ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम व श्रम विभाग के अधिकारियों, क्रियान्वयन एजेंसी बाब्या के प्रतिनिधियों तथा मोबाईल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकों व अधिकारियों की बैठक लेकर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से वार्डो में लगाए गए शिविरों व लाभान्वित किए गए व्यक्तियों से संबंधित कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की। आयुक्त श्री शर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि मोबाईल मेडिकल यूनिटों द्वारा वार्डों में लगाए जा रहे चिकित्सा शिविरों से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो तथा अधिकाधिक लोगों का निःशुल्क परीक्षण व निःशुल्क इलाज किया जाए, इस हेतु पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें। उन्होने कहा कि पंजीयन को बढ़ाकर अधिक से अधिक श्रमिकों को योजना से जोड़े। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि मोबाईल मेडिकल यूनिट के साथ च्वाईस सेंटर की टीम प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे

तक रहे तथा पंजीयन का कार्य संपन्न कराएं, यह सुनिश्चित करें। प्रत्येक मोबाईल मेडिकल यूनिट में हेल्थ चार्ट अनिवार्य रूप से लगाएं, ताकि शिविर में पहुंचने वाले लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक डाईट व विटामिन्स आदि की जानकारी सहज रूप से प्राप्त हो सके।

गर्भवती, शिशुवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण– आयुक्त श्री शर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन मोबाईल मेडिकल यूनिटों में महिला चिकित्सक कार्यरत हैं, वह यूनिट गर्भवती व शिशुवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं का प्राथमिकता के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य सम्पन्न कराया जाए तथा उन्हें आवश्यकतानुसार दवाएं, ओ.आर.एस., मल्टी विटामिन आदि उपलब्ध कराएं जाएं। आयुक्त श्री शर्मा ने निर्देशित करते हुए कहा कि 02 अगस्त से स्कूल खुलने वाले हैं, शिक्षकों व छात्र–छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हों, इस हेतु स्कूलों को चिन्हाकित कर कार्ययोजना तैयार करें तथा प्रत्येक मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्ययोजना अनुसार स्कूलों में छात्र–छात्राओं व शिक्षकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण का कार्य किया जाए।

बैठक के दौरान श्रम विभाग के सहायक आयुक्त राजेश आदिले, योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, महिला व बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी मनोज अग्रवाल, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल, बाब्या के प्रोजेक्ट हेड सतीश कुमार, आपरेशन हेड मनीष सिंह, डिस्ट्रिक को–आर्डिनेटर आलोक दुबे, प्रोग्राम मेनेजर पारीजात दुबे, गायत्री, शाहनावाज, कुलदीप आदि उपस्थित थे।